# कांग्रेस फुस्सी बम, कितनी भी आग लगाओ फटेगा नहीं: चौहान



भोपाल(काप्र)।

**केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को बुधनी विधानसभा के बायां, डोबी और नांदनेर में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया एवं रोड शो जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकारें हैं, विकास के लिए पैसों की कमी नहीं आने देंगे।**

याद रखिए, कांग्रेस के पास आपको देने के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस फुस्सी बम है, कितनी भी आग लगाओ चलेगा नहीं। हरियाणा में भी नहीं चला, यहां भी नहीं चलेगा। श्री चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र से मेरा बचपन से नाता रहा है। आपने मुझे विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री बनाया और जितना मुझसे हो सका, आपकी सेवा की। मेरे लिए यहां का कंकर-कंकर शंकर है और बूंद-बूंद नर्मदा जल है। यहां का बच्चा-बच्चा प्यारा है जन-जन दुलारा है। देश और विदेश में बरसों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन कभी इस क्षेत्र के विकास की चिंता की क्या? भाजपा की सरकार ने यहां की सड़कों को तो शानदार बनाया ही है, जिसके बारे में कभी सोचा नहीं था, वो रेलसेवा भी मिलने वाली है। ये चमत्कार किया है भाजपा सरकार ने। आप बताइये, विकास के जितने काम भाजपा ने किए, कभी कांग्रेस ने किए थे क्या? केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मुझसे बहनों का दर्द देखा नहीं गया। उन्हें थोड़े से पैसों के लिए हाथ फैलाना पड़ता था। हमने लाडली बहना योजना शुरू की , ताकि बहनों की जिंदगी बदल जाए। लाड़ली बहना योजना से सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अनेक राज्यों की बहनों की जिंदगी बदल रही है, उन राज्यों में भी इस योजना को लागू किया गया है।

## समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री दीपक जोशी

नांदनेर में केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री श्री दीपक जोशी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने उन्हें शामिल में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह, पार्टी प्रत्याशी श्री रमाकांत भार्गव, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, श्री घनश्याम चंद्रवंशी, श्री मुकेश टंडन, श्री राकेश शर्मा, पूर्व विधायक श्री राजेंद्र सिंह राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने देश को जातियों के नाम पर बांटने का काम किया: तोमर

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरूवार को विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में विजयपुर के बलावनी, चकमलपुरा, सुखवास, कोतवाल की झोपड़ी, सुठारा, टर्रा, किन्नपुरा प्रभु बंजारा का डेरा, रघुनाथपुर एवं जमूर्दी, रिझेटा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस ने सालों तक देश में राज किया लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। कांग्रेस देश को जातियों के नाम पर बांटने का काम किया है। हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास एवं सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम किया है। आज विजयपुर के हर घर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राही हैं। 13 नवंबर को भाजपा को वोट देकर आप सभी कांग्रेस से पुराना हिसाब चुकता करें। श्री सिंह तोमर ने कहा कि कांग्रेस छोड़ने के बाद रामनिवास रावत क्षेत्र के विकास के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य संपन्न करा चुके हैं। विजयपुर क्षेत्र में 107 किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं। 253 किमी सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ही विकास की गारंटी है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास में आप सभी का सहयोग अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है वह करती है। एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में प्रति माह 1250 रुपए भेजे जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों की जमीनें नीलाम करती थी, कभी किसानों के हितों के लिए कार्य नहीं किया।





# भाजपा ने दो बैसाखियों पर सरकार बनाई है: पायलट

## भाजपा राज में प्रशासन विफल और योजनाएं पूरी तरह फेल हैं: तन्खा

भोपाल (काप्र)।

**कांग्रेस के दिग्गज नेता राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने आज भोपाल प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश और देश की जनता ने जिन उम्मीदों को लेकर वोट डाले थे उस पर सरकार खरा नहीं उतरी।**

देश की बात हो या प्रदेश की भाजपा द्वारा हर क्षेत्र में सिर्फ झूठा प्रचार-प्रसार और फोटो छपवाने का काम किया जा रहा है। जहां एक ओर 400 पार के अहंकार को जनता ने करारा जवाब दिया, वहीं भाजपा ने देश में दो बैसाखियों पर सरकार बनाई है। श्री पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद सरकार की जवाबदारी तय की है। केंद्र की भाजपा सरकार आज भी कांग्रेस को दोष दे रही है और केवल चिन्हित लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए नीतियां बन रही हैं। बीजेपी का ग्राफ देशभर में लगातार डाउन हो रहा है। भाजपा गौ माता, भगवान राम के नाम पर वोट बटोरती है और विपक्षी सरकारों को बजट नहीं देती भाजपा में बहुत सारे नेता पार्टी छोड़ते हैं, हमारे यहां पूरी पार्टी चुनाव लड़ती है। हमने जहां जो कहा वह करके दिखाया है, पर भाजपा हमेशा झूठ बोलती है और कांग्रेस को कोसती रहती है। भाजपा और नरेन्द्र मोदी जी बतायें भारत की सीमाओं का संरक्षण किसकी जिम्मेदारी है।

श्री पायलट ने कहा कि झारखंड, महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। वहीं प्रियंका गांधी जी वायनाड से चुनाव लड़ रही हैं, सुखद परिणाम हर जगह कांग्रेस के लिए मिलेंगे। वहीं हम चाहते हैं जम्मू कश्मीर को फुल स्टेट का दर्जा मिले। हमारा संख्या बल अब बहुत बेहतर है, हम हर मुद्दे पर सार्थक चर्चा करेंगे। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि प्रदेश में प्रशासन पूरी तरह विफल और और स्टेट की योजनाएं फेल हैं। भाजपा ने ऐसा नया क्या किया जिसकी हम तारीफ करें। सिर्फ प्रचार और विज्ञापन से अच्छा काम नहीं होता, जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। किसान, युवा, महिलाएं सभी परेशान हैं।

वहीं भाजपा अपने लोगों के खिलाफ खुफिया लगा रही है, वह अपने ही लोगों से डरी हुई है। हजारों की संख्या में लोग अपने आप हमारी रैली में आ रहे हैं। किसी भी प्रदेश में कानून का राज होता है, बुलडोजर का राज नहीं लेकिन भाजपा भाजपा पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भूपेंद्र सिंह मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री इस प्रदेश में असुरक्षित हैं तो इससे यह संदेश जाता है कि यहां माफियाओं का राज चल रहा है। पूर्व गृहमंत्री रो रहे हैं कि मुझे धमकियां मिल रही है। हम बार-बार कह रहे हैं कि यह मोहन यादव की सरकार नहीं है, बीजेपी की सरकार नहीं है, जनता की भी सरकार नहीं है यह तो केवल माफियाओं की सरकार है। ड्रग माफिया, भू-माफिया,शराब माफिया, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तरह-तरह के माफियाओं की सरकार प्रदेश में है, इतना ही नहीं राजनीतिक लोगों को भी धमकाने के लिए माफिया है। उन्होंने कहा कि मुझे दुख है कि अब जनता का राज नहीं जंगल राज है।

# 1.29 करोड़ बहनों को मिलेगी 1250 रुपए की नवम्बर माह की किश्त

## मुख्यमंत्री 9 नवम्बर को इंदौर से करेंगे 1574 करोड़ रूपये अंतरित

भोपाल (काप्र) ।

**प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की नवम्बर माह की किश्त जल्द मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर से 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपए अंतरित करेंगे।**

उल्लेखनीय है कि लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त माह अगस्त 2023 एवं 2024 में (कुल 2 बार) लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना के प्रारंभ में पात्र हितग्राहियों को 1000 रूपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 का संचालन किया जा रहा है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 18 हजार 984 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

### योजना का प्रभाव

लाड़ली बहना योजना प्रदेश की सबसे बड़ी डीबीटी योजना में शामिल है। योजना के वृहद स्वरूप ने प्रदेश की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण में महती भूमिका निभाई है। इस योजना से न केवल महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा किया है बल्कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से सीधे परिचित हुई हैं। इससे परिवार के निर्णयों में भी उनकी भूमिका बड़ी है और सामाजिक रूप से महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है।

# सशक्त आत्मनिर्भर प्रदेश की नींव है स्वस्थ नागरिक: डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तृत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से बनती है।**

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके। इसी उद्देश्य से राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे ये केंद्र जिला अस्पतालों के समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वस्थ नागरिकों से ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और हर क्षेत्र में लोग पूरी ऊर्जा से समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें।

### चिकित्सा शिक्षा का विस्तार और मैनपॉवर की बढ़ोतरी

डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत सशक्त भारत के दृष्टिकोण के तहत चिकित्सा शिक्षा का भी तेजी से विस्तार कर रही है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 17 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है। हाल ही में सिवनी, नीमच, और मंदसौर में नए मेडिकल कॉलेजों का संचालन शुरू हुआ है और 8 अन्य मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत 12 और मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बनाई है, जिससे प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के मानकों के अनुरूप राज्य में शीघ्र ही 30 हजार से अधिक चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की भर्ती की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में और सुधार होगा।

### आधुनिक तकनीक और सेवाओं का समावेश

मध्यप्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में एमआरआई, सीटी स्कैन, और पीईटी सीटी जैसी आधुनिक उपकरणों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 42 प्रकार की एंटी-कैंसर दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। राज्य के सभी जिला और सिविल अस्पतालों में अब 132 प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 80 प्रकार की जांच की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में 324 हब और 1,610 स्पोक स्थापित किए गए हैं, जहाँ प्रतिदिन 35 हजार से अधिक जांचें जिला स्तर पर और 32 हजार से अधिक जांचें हब और स्पोक पर हो रही हैं। इसी तरह सभी जिला अस्पतालों में अब डायलिसिस, सीटी स्कैन और डिजिटल एक्स-रे की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश का एमवाय (महाराजा यशवंतराव) अस्पताल इन्दौर देश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए उन्नत सीएआर-टी थेरेपी शुरू की गई है। यह सुविधा राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने और उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### मुफ्त दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के शासकीय अस्पतालों में मुफ्त दवाओं की उपलब्धता में भी बड़ी वृद्धि की गई है। जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 प्रकार की दवाएँ, सिविल अस्पतालों में 448, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 373 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 299 प्रकार की दवाएँ मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# दिग्विजय कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रहे: भाजपा

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा बुधनी विधानसभा उपचुनाव में दौरान भड़काऊ भाषण देने की शिकायत की है।**

भाजपा ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि बुधनी विधानसभा उपचुनाव की एक सभा के दौरान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि कृषि मंत्री के क्षेत्र में किसानों को डीएपी खाद के लिए जूझना पड़ रहा है। दिग्विजय सिंह ने किसानों को लेकर इस तरह के झूठे भाषण देकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सीहोर जिले में कई हजार किसान बंधु रहते हैं, लेकिन किसी ने भी खाद-बीज की किल्लत की शिकायत नहीं की है। दिग्विजय सिंह जानबूझकर भड़काऊ भाषण देकर शांतिपूर्ण हो रहे चुनाव में व्यवधान डालने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपी शिकायत में कहा है कि चुनाव आयोग दिग्विजय सिंह पर बुधनी एवं विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार पर प्रतिबंध लगाए, ताकि प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बिगड़ने से बचाया जा सके। निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपने वाले भाजपा प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

**स्पेशल खबर** *मुसलमानों की जातिगत जनगणना की बात क्यों नहीं करती कांग्रेस...*

# कांग्रेस की एक ही मानसिकता फूट डालो -राज करो: नरोत्तम

भोपाल(काप्र)।

**पूर्व गृह मंत्री व महाराष्ट्र चुनाव में गोंदिया-भंडारा लोकसभा कलस्टर प्रभारी डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दूसरे दिन भी पार्टी प्रत्यशियों के समर्थन में धुंआधार चुनाव प्रचार किया। गुरुवार को उन्होंने तिरोड - गोरेगांव विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के साथ प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठके भी ली।**

डॉ मिश्रा ने अपने संबोधन में कांग्रेस व उसकी सहयोगी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रमुख कार्यकर्ताओ कि बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब का काम है कि घर घर जाकर कांग्रेस की असलियत बताए। बताए कि कांग्रेस देश व हिन्दू समाज के लिए कितनी अधिक घातक है । लोगो को बताए कि सोनिया गांधी कि कांग्रेस एक विदेशी मानसिकता वाली फूट डालो ओर राज करो की नीति पर चलने वाली पार्टी है। उसका एक ही लक्ष्य है हिन्दुओ में फूट डाल कर उन्हें कमजोर करो। वोटो का बटवारा करो और राज करो। इसी के चलते ही वह कभी हिन्दू व हिंदुत्व को अलग करती है ,तो कभी सविधान बदलने का डर दिखाकर आरक्षित वर्ग को बरगलाती है।




जातिगत जनगणना की मांग भी वह हिन्दुओ के बीच फूट डालने के लिए ही कर रही है।अगर कांग्रेस जनगणना को लेकर सच मे ईमानदार है तो वह मुसलमानों को भी इसमें शामिल करने की बात करे। मुसलमानों में तो हिन्दुओ से ज्यादा फिकरे(जातियां) है। कांग्रेस उनकी जातिगत जनगणना की बात नही करती है। कर भी नही सकती है। उसे तो बस हिन्दुओ में फूट डालने से मतलब है। डॉ मिश्रा ने कहा कि आप सब जानते है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ही भारत को विश्व गुरु बना सकते है राहुल गांधी यह काम कभी नही कर सकते है। यह बात भी आप सब कार्यकर्ताओ को लोगो को समझानी है।आप सब यह समझ ले कि विरोधियों के पास विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ नही है वह केवल हमे गाली देकर व भ्रम फैलाकर वोट मांगेंगे।

आपको सतर्क रहना होगा।हमारे पास केंद्र से लेकर राज्य तक मे हुए अभूतपूर्व काम बताने के लिए है।जनता को यह सब आपको ही बताने है।आपको बताना है कि मोदी जीऔर मनमोहन सिंह कि सरकार में क्या अंतर है। पहले पाकिस्तान हमारे सैनिको के सर काट कर ले जाता था और हमारे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सफेद झंडा लहराकर शांति की बात करते थे, आज मोदी जी के राज में पाकिस्तान कि ओर से गोली आती है तो यहां से गोला जाता है। पहले कश्मीर के श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा नही लहराता था आज लाल चौक में तो क्या मोदी जी ने चांद पर तिरंगा लहरा दिया है। यह सारी उपलब्धियां भी आप देव दुर्लभ कार्यकर्ताओ को ही लोगो को बतानी है। यह चुनाव साधारण चुनाव नही है सभी का भविष्य कि दिशा तय करने वाला चुनाव है।आप सब इसी तरह परिश्रम करते रहे अपने काम मे डटे रहे जीत हमारी ही होगी।